कैम्पस प्लेसमेंट शिविर कल

कोटा, (निसं)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा 15 अक्टूबर को कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें निजी संस्थान के नियोजकों द्वारा रिलेशनशिप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सेल्स ऑफिसर, फाईनेन्स एडवाईजर, बीमा अभिकर्त्ता एवं सिक्योरिटी गार्ड आदि विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उप निदेशक क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि इसके लिए 18 से 30 आयु वर्ग के सैकेण्डरी, सीनियर सैकेण्डरी, स्नातक उत्तीर्ण आशार्थी आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक आशार्थी उक्त तिथि को उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय में प्रातः 10 से 3 बजे तक उपस्थित हो।

संगोष्ठी आयोजित

कोटा, (निसं)। महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाईटी, कोटा के तत्वाधान में स्वर्गीय जनसंघ की संस्थापक सदस्य और समाजसेविका राजमाता विजय राजे सिंधिया की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने राजमाता सिंधिया के जीवन, कार्य और योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

उत्तर निगम क्षेत्र में कचरा पोइंट्स से दिन में दो बार कचरा उठेगा

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र में अब कचरा पोइंट्स से दिन में दो बार कचरा उठाया जाएगा। साथ ही यह प्रयास भी किया जाएगा कि घर-घर कचरा संग्रहण में लगे टिपर हर घर तक तय समय पर पहुंचे। इसके लिए निगम प्रत्येक टिपर का रूट चार्ट भी जनता तक पहुंचाएगा। निगम के स्वास्थ्य निरीक्षकों और कनिष्ठ अभियंताओं को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि दीपावली पर विशेष सफाई अभियान के तहत कचरा संग्रहण और उसे ट्रेंचिंग ग्राउण्ड तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। दीपावली पर घर-घर सफाई होती है, ऐसे में सुबह कचरा पोइंट पर सफाई होने के बाद दोपहर तक पुनः कचरा आ रहा है। ऐसे में अब दिन में दो बार कचरा पोइंट से कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। कचरा पोइंट से कचरा उठाने के बाद वहां भी सफाई करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि घर से निकलने वाले कचरे का संग्रहण घर से ही हो जाए इसके लिए प्रत्येक टिपर का रूटचार्ट और समय भी सार्वजनिक किया जाएगा। यह टिपर अपने रूट पर सही समय पर चले इसकी निगरानी के लिए स्वास्थ्य निरीक्षकों के साथ कनिष्ठ अभियंताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। कनिष्ठ अभियंताओं को टिपर का रूट गूगल मैप पर भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

कोटा उत्तर निगम आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने शहर में विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया है।

आयुक्त ने किया सफाई का निरीक्षण-आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने सोमवार को भी शहर में विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। त्यागी ने डीसीएम से प्रेमनगर, देवली अरब, बोरखेड़ा, स्टेशन होते हुए नयापुरा तक विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था की जांच कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिएं।

सफाई के लिए जारी किया हेल्पलाइन नम्बरः- दीपावली पर विशेष सफाई अभियान को देखते हुए उत्तर निगम ने हेल्पलाईन नम्बर 8769843298 जारी किया है। कोई भी व्यक्ति इस नम्बर पर व्हाट्स एप के जरिए गंदगी के स्थान की गूगल लोकेशन और फोटो भेज सकता है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगम की ओर से जल्द से जल्द सफाई करवाई जाएगी।

मांस के अवैध व्यापार पर सख्तीः-त्यौहारी सीजन में उत्तर निगम ने मांस के अवैध व्यापार पर भी सख्ती दिखाते हुए सोमवार को दो जगह कार्यवाही की। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि चम्बल पुल के नीचे कुछ लोग मांस का अवैध व्यापार कर रहे थे। क्षेत्र के लोगों द्वारा इस कारण वहां गंदगी तथा बदबू की शिकायत की जा रही थी। इसको देखते हुए सोमवार सुबह मांस विक्रेताओं की अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। वहां से दो नांव भी जब्त की गईं। इसी तरह कैथून क्षेत्र में भी मांस विक्रेताओं की अवैध दुकानों को सीज किया गया।

■ टिपर हर घर तक तय समय पर पहुंचाने के प्रयास

सड़क पर चारा होगा जब्त-आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने सोमवार को अतिक्रमण प्रभारी को आदेश जारी कर सड़क पर चारा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने बताया कि सड़क पर चारा बेचने के कारण मवेशियों का जमावड़ा होता है जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है। त्यौहारी सीजन में सडक पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसको देखते हुए चारा बेचने वालों को अब नियंत्रित किया जाएगा तथा उनके चारे को जब्त किया जाएगा।

नयापुरा में कचरा पोइंट हटायाः-सफाई व्यवस्था को देखते हुए उत्तर निगम ने नयापुरा बस स्टैंड के पास स्थित कचरा पोइंट को बंद कर दिया है। यहां पर आमजन से कचरा नहीं डालने का आग्रह का बोर्ड भर लगवा दिया गया है। यहां आने वाला कचरा अब पास ही स्थित दूसरे कचरा पोइंट पर डाला जाएगा।

विज्ञान मेले में प्रथम स्थान

रामगंजमण्डी, (निसं)। जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025-26 में मॉडल प्रस्तुत कर श्री हिराभाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमण्डी की छात्रा अरुणा सैनी पुत्री संजय सैनी कक्षा दसवीं प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्द्रा गांधी नगर कोटा में आयोजित की गई थी।

इण्डियन रेडक्रॉस के राष्ट्रीय प्रबंध निकाय के चुनाव सम्पन्न

कोटा, (निसं)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय प्रबंध निकाय के चुनाव सोमवार को नई दिल्ली में सम्पन्न हुए। कोटा के रेडक्रॉस अध्यक्ष एवं राजस्थान स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने राष्ट्रीय प्रबंध निकाय के सदस्य के चुनाव में बाजी मारते हुए सर्वाधिक 23 वोट प्राप्त किए है।

इस चुनाव के लिए 28 प्रदेशों के रेडक्रॉस के सदस्यों ने मतदान किया।मतदान प्रक्रिया रेड क्रॉस नई दिल्ली स्थित हेड क्वार्टर के जनरल सेक्रेटी आरके जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुए जिसमें पूरे देश में कोटा के राजेश कृष्ण बिरला सहित कुल 12 सदस्यों का निर्वाचित किया गया।बिरला ने बताया कि भारतीय



राजेश कृष्ण बिरला

रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय प्रबंध निकाय में कुल 18 सदस्य होते हैं, जिनमें से 6 सदस्यों को राष्ट्रपति द्वारा नामित किया जाता है, जबकि शेष 12 सदस्यों का चुनाव विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की शाखाओं द्वारा किया जाता हैं। यह सदस्य सोसाइटी के नीतिगत निर्णय लेना, निगरानी करना और सोसाईटी के उद्देश्य एवं मिशन के अनुरूप गतिविधियों का विकास करना है। प्रबंध निकाय के सदस्य बजट अनुमोदन, वित्तीय प्रबंधन, और संसाधनों के उचित उपयोग की जिम्मेदारी निभाते हैं। राजेश कृष्ण बिरला का चयन चार जोन ईस्ट, वेस्ट, नॉर्थ, साऊथ में से वेस्ट जोन से हुआ। कोटा से इस चुनाव हेतु स्टेट सेक्रेटी जगदीश जिंदल, महेन्द्र शर्मा भी बिरला के साथ रहे।

कार्यशाला संपन्न

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में बी.एड.प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सजावटी एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया। कार्यशाला में छात्रों ने दैनिक जीवन में प्रयुक्त वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर सुंदर व आकर्षक सजावट सामग्री तैयार की। दीपावली के उत्सव को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए बंधनवार, पुष्प सजावट, "शुभ दीपावली" लेखन जैसी वस्तुएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षा संकाय डीन, कोटा विश्वविद्यालय की प्रो.सुषमा सिंह ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां रचनात्मकता और कौशल विकास को प्रोत्साहित करती हैं।

अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का स्वागत

रामगंजमंडी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ताओं ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय खैराबाद पहुंचकर नव पद स्थापित अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश राठौर का स्वागत-सम्मान किया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के उप शाखा अध्यक्ष रमेश गोचर ने बताया कि सोमवार को उप शाखा के कार्यकर्ताओं ने सीबीईओ कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश राठौर का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर सम्मान किया।

कोटा ट्रैवल मार्ट प्रमोट के लिए लोकसभा दिल्ली में ऐतिहासिक रोड शो का आयोजन

कोटा (निसं)। होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा लोकसभा दिल्ली में आयोजित रोड शो में में सम्मिलित होने के लिए देश भर से करीब 300 ट्रेवल एजेंट ने भाग लिया।

रोड शो में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया। अपने उद्बोधन में बिरला ने कहा कि हाडोती सेक्टर के अलावा राजस्थान में इको टूरिज्म, वाइल्डलाइफ पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, क्रूज पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, थार मरुस्थल पर्यटन एवं हेरिटेज सेक्टर में अपार संभावनाएं है. जिसके लिए ट्रैवल एजेंट एवं टूर ऑपरेटर के अलावा विभिन्न माध्यमों से हमारे पर्यटक स्थलों के लिए प्रचार प्रसार की आवश्यकता है. आगामी कोटा में 2,3 वह 4 जनवरी को आयोजित होने वाले मेघा ट्रैवल मार्ट मैं सभी टूर ऑपरेटर को सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया गया . सभी 300 ट्रैवल एजेंट ने हाडोती सेक्टर के पर्यटक स्थलों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की एवं आगामी आयोजित होने वाले कोटा ट्रैवल मार्ट में आने के लिए सभी उत्साहित दिखे।

इस अवसर पर अपने विचार रखने वालों में होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, अध्यक्ष हुसैन खान, सचिव रणविजय सिंह, कोटा संभाग अध्यक्ष अशोक महेश्वरी, संभाग सचिव संदीप पहाड़िया ने भी अपने विचार रखें।

लीडर स्काउट कैंप में नेत्रदान अंगदान विषय पर चर्चा

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय कोटा के तत्वाधान में जिला स्तरीय फ्लॉक लीडर, गाईड कैप्टन, रेंजर लीडर बेसिक कोर्स के सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन कल मंडल प्रशिक्षण केंद्र अलनिया में संपन्न हुआ।

समापन समारोह पर नेत्रदान अंगदान और देहदान के लिए सम्मिलित रूप से, पिछले 14 वर्षों से कार्य कर रही संस्था, शाईन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक डॉ.कुलवंत गौड़ ने आए हुए सभी सहभागियों को नेत्रदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. गौड़ ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध किया कि, वह अपने-अपने क्षेत्र के छोटे-छोटे गांव कस्बों तक नेत्रदान की कार्यशालाओं को आयोजित करने में संस्था का सहयोग करें, डॉ.गौड़ ने बताया कि, अब समय आ चुका है, जब हमें शहरों से निकलकर गाँवों से होते हुए छोटे-छोटे कस्बों में जाना है। डिस्ट्रिक ट्रेनिंग कमिश्नर विमलेंद्र राठी, सीओ गाईड प्रीति कुमारी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, स्काउट एक नियमित, समयबद्ध, प्रशिक्षित एवं सेवा करने वाले युवाओं का एक संगठन हैं। नेत्रदान के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना इनका नैतिक दायित्व हैं। कार्यशाला में डॉ. गौड़ ने न सिर्फ नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया।

1.07 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत

कोटा, (निसं)। कोटा कर्मचारी सहकारी समिति की मासिक बैठक अध्यक्ष मीनू बिरला की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। समिति सचिव विमलचन्द जैन ने बताया कि बैठक में व्यक्तिगत जमानत पर 8 सदस्यों को 0.61 करोड़, मकान की जमानत पर 1 सदस्य को 20 लाख, 1 सदस्य को मकान के निर्माण हेतु 22 लाख एवं 1 सदस्य को वाहन क्रय हेतु 4.50 लाख रुपये सहित कुल 1.07 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए। बैठक में उपाध्यक्ष रास बिहारी पारीक, सचिव विमलचन्द जैन, उपसचिव दिनेश पनवाड, महिला संचालक हंसा त्यागी, संचालक कर्ण सिंह हाडा, डॉ.विनोद पंकज, मुकुट बिहारी व ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाने की मांग

छबड़ा (निसं)। मोतीपुरा व तेलनी के ग्रामीणो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने की मांग की। ग्रामीण हरिप्रसाद, रामप्रसाद, शिवदयाल, बाबूलाल, फूलसिंह, घनश्याम आदि ग्रामीणो द्वारा एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि मोतीपुरा-तेलनी में स्कूल के पास गडावाला तक रास्ता के खुलवाए जाने की मांग करते हुए कहा कि यह वर्शो से आम रास्ता था। किंतु कुछ वर्श यहां अतिक्रमण कर लिया गया हैं। जिसके कारण खेतो तक आने जाने में काफी परेषानी होती हैं।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2010 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 13.10.25

आवास संख्या 1/97 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री अरुण कुमार अरोड़ा पुत्र श्री विशम्भर नाथ अरोड़ा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री अरुण कुमार अरोड़ा पुत्र श्री विशम्भर नाथ अरोड़ा के नाम दिनांक 01.04.2003 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री अरूण कुमार अरोड़ा पुत्र श्री विशम्भर नाथ अरोड़ा द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 15.03.2003 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री सांवलाल नागर पुत्र श्री मांगीलाल को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री सांवलाल नागर पुत्र श्री मांगीलाल मुख्तार आम श्री अरूण कुमार अरोड़ा पुत्र श्री विशम्भर नाथ अरोड़ा द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 21.04.2003 को श्री गुरूदीप सिंह पुत्र श्री दलजीत सिंह को किया गया। श्री गुरूदीप सिंह पुत्र श्री दलजीत सिंह द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 29.06.2007 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री विजय कुमार शर्मा पुत्र श्री रामप्रसाद शर्मा को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री विजय कुमार शर्मा पुत्र श्री रामप्रसाद शर्मा मुख्तार आम श्री गुरुदीप सिंह पुत्र श्री दलजीत सिंह द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.02.2008 को श्री अजय सिंह गुर्जर पुत्र श्री विजय सिंह गुर्जर को किया गया। श्री अजय सिंह गुर्जर पुत्र श्री विजय सिंह गुर्जर का नाम दिनांक 14.02.2014 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री अजय सिंह गुर्जर पुत्र श्री विजय सिंह गुर्जर द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.02.2014 को श्री राजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर एवं श्री संजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर को संयुक्त रूप से किया गया। श्री संजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर की मृत्यु दिनांक 13.11.2015 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे श्री तन्मय गिरधर एवं श्री सिद्धान्त गिरधर पिसरान् स्व. श्री संजीव गिरधर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने 1/2 अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 20.08.2024 को श्रीमती समिता पत्नी स्व. श्री संजीव गिरधर के पक्ष में किया गया। श्री राजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर एवं श्रीमती स्मिता पत्नी स्व. श्री संजीव गिरधर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1/97 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रूप से करने करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रूप से करने श्री राजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर एवं श्रीमती स्मिता पत्नी स्व. श्री संजीव गिरधर के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री राजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर एवं श्रीमती स्मिता पत्नी स्व. श्री संजीव गिरधर के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन श्री राजीव गिरधर पुत्र श्री सुभाष चन्द गिरधर एवं श्रीमती स्मिता पत्नी स्व. श्री संजीव गिरधर के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/408 दिनांकः-13.10.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना जवाहर मार्केट दुकान संख्या 36 का आवंटन पत्र क्रमांक 502 दिनांक 27.07.1979 को श्री नानक राम पुत्र श्री ऐंशीराम के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 11.04.1985 को श्री ताराचंद पुत्र श्री वधनमल को पंजीकृत रजिस्ट्री के द्वारा तथा श्री ताराचंद पुत्र श्री वधनमल ने जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 17.01.1995 को श्रीमती शीला देवी पंजवानी पत्नी श्री पंजूमल को पंजीकृत रजिस्ट्री के द्वारा बैचान कर दिया गया था। जिसके उपरांत क्रेता श्रीमती शीला देवी पंजवानी की मृत्यु दिनांक 06.07.2001 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती शीला देवी पंजवानी पत्नी श्री पंजूमल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत नोटेरी वसीयत दिनांक 22.05.2000 मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अण्डरटेकिंग शपथ पत्र, वसीयत गवाह के शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री केशव पंजवानी पुत्र श्री पंजूमल द्वारा उक्त दुकान संख्या 36 जवाहर मार्केट मोहन टाकीज रोड योजना अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त दुकान संख्या 36 जवाहर मार्केट का नामहस्तान्तरण श्री केशव पंजवानी पुत्र श्री पंजूमल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/413 **विज्ञप्ति** दिनांकः- 13.10.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की योजना सुभाष नगर आवासीय भूखंड संख्या 735 को आवंटन/ न्यास पत्र क्रमांक 246 दिनांक 20.04.1991 को श्री शैलेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री सूरज प्रकाश गुप्ता को आवंटन किया गया था। उक्त भूखंड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री बनवारी लाल गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस रजिस्ट्री में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 735 योजना सुभाष नगर आवासीय की रजिस्ट्री श्री शैलेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री सूरज प्रकाश गुप्ता जर्ये मुख्तारआम श्री बनवारी लाल गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश गुप्ता के नाम जारी कर दी जायेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/101066 **लोक सूचना** दि.13.10.2025

श्रीमति SCIENCE ACADEMY SAMITI KOTA पुत्र श्री GAYATRI SINGH जाति RAJPOOT निवासी H.NO. 885-C, COLONY SHRINATHPURAM KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **अन्य संस्थानिक** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	मण्डाना, लाडपुरा (कोटा)	SCINECE ACADEMY SAMITI KOTA THROUGH GAYATRI SINGH (PRESIDENT)	1075	9100	0.91
2.	मण्डाना, लाडपुरा (कोटा)	SCINECE ACADEMY SAMITI KOTA THROUGH GAYATRI SINGH (PRESIDENT)	1892/1075	6400	0.64
				कुल	1.55

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्यापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/10/2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2006 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 13.10.25

आवास संख्या 1-ध-27 दादाबाड़ी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री कैलाश चंद जैन पुत्र श्री मुलतानमल जैन को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती प्रेमलता बंसल पत्नी ज्ञानचन्द बंसल के नाम दिनाक 26.12.1994 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती प्रेमलता बंसल पत्नी ज्ञानचन्द बंसल द्वारा दिनांक 28.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती प्रेमलता बंसल पत्नी ज्ञानचन्द बंसल की मृत्यु दिनांक 27.02.2022 को ही चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री ज्ञानचन्द बंसल पुत्र श्री सूरज मल बंसल एन श्रीमती किरण पत्नी श्री प्रदीप एरन पुत्री श्री ज्ञान चंद बंसल व श्रीमती कल्पना रोहताश गोयल पत्नी श्री रोहताश गोयल पुत्री श्री ज्ञान चंद बंसल द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 05.08.2025 को श्री गौरव बंसल पुत्र श्री ज्ञानचन्द बंसल के पक्ष में किया गया। श्री गौरव बंसल पुत्र श्री ज्ञानचन्द बंसल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ध-27 दादाबाड़ी, कोटा को उक्त आवास का हस्तातरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री गौरव बंसल पुत्र श्री ज्ञानचन्द बंसल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्री गौरव बंसल पुत्र श्री ज्ञानचन्द बंसल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री गौरव बंसल पुत्र श्री ज्ञानचन्द बंसल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1819 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.9.25

आवास संख्या 4-एच-9 रंगबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री लाल चन्द जैन पुत्र श्री रेवती लाल जैन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री लाल चन्द जैन पुत्र श्री रेवती लाल जैन द्वारा दिनांक 12.07.2002 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री लाल चन्द जैन पुत्र श्री रेवती लाल जैन की मृत्यु दिनांक 10.07.2024 को हो चुकी इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती मैना जैन पत्नी स्व. श्री लाल चन्द जैन, श्रीमती अल्का जैन पुत्री स्व. श्री लाल चन्द जैन पत्नी श्री अशोक जैन, श्रीमती नीलम जैन पुत्री स्व. श्री लाल चन्द जैन पत्नी श्री पवन कुमार जैन, श्रीमती तृप्ति जैन पुत्री स्व. श्री लाल चन्द जैन पत्नी श्री विकास जैन, अंकिता जैन पुत्री स्व. श्री लाल चन्द जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन पुत्री स्व. श्री लाल चन्द जैन पत्नी श्री जितेश जैन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज होड) आलेखित कर दिनांक 02.06.2025 को श्री भूपेश जैन पुत्र स्व. श्री लाल चन्द जैन पक्ष में किया गया। श्री भूपेश जैन पुत्र स्व. श्री लाल चन्द जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4 एच-9 रंगबाडी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री भूपेश जैन पुत्र स्व. श्री लाल चन्द जैन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा गह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री भूपेश जैन पुत्र स्व. श्री लाल चन्द जैन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री भूपेश जैन पुत्र स्व. श्री लाल चन्द जैन के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2000 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 11.10.25

आवास संख्या 2-एम-13 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री लेखराम पुत्र श्री चांदीराम को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री लेखराम पुत्र श्री चांदीराम की मृत्यु दिनांक 29.10.1984 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 15.07.1987 को श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी स्व. श्री लेखराम के नाम किया गया। इस आवास का नियमितिकरण श्री राधेश्याम चित्तौड़ा पुत्र श्री मोहन लाल के नाम दिनांक 22.03.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री राधेश्याम चित्तौड़ा पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा दिनांक 25.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री राधेश्याम चित्तौड़ा पुत्र श्री मोहन लाल की मृत्यु दिनांक 18.04.2